# स्पेशल टास्क फोर्स, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

## प्रेस नोट संख्याः 312, दिनांक 23–10–2024

**साइन सिटी इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी में जमीन/प्लाट के नाम पर इनवेस्ट कराकर करोड़ों की ठगी करने वाले गिरोह का सक्रिय सदस्य एवं रू0 50,000/– का पुरस्कार घोषित अपराधी राहुल शर्मा लखनऊ से गिरफ्तार।**

दिनांकः 23–10–2024 को एस0टी0एफ0, उत्तर प्रदेश को साइन सिटी इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी में जमीन/प्लाट के नाम पर इनवेस्ट कराकर हजारों लोगों से करोड़ों की ठगी करने वाले गिरोह का सक्रिय सदस्य एवं रू0 50,000/– का पुरस्कार घोषित अपराधी राहुल शर्मा को लखनऊ से गिरफ्तार करने मे उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः–</u>**

1. राहुल शर्मा पुत्र सूर्य कान्त शर्मा निवासी–ग्राम व पोस्ट–गूढ़ा, थाना–शिवगढ़, जनपद–रायबरेली।

**<u>बरामदगी–</u>**

1. 01 अदद डीएल।
2. 01 अदद पैन कार्ड।
3. 01 अदद एटीएम कार्ड।
4. 610/–रू0 नकद।

**<u>गिरफ्तारी का दिनांक, स्थान व समयः–</u>** दिनांकः 23–10–2024 समय 15.25 बजे। स्थान आर0आर0–1, बन्धा थाना क्षेत्र गोमतीनगर, लखनऊ।

एसटीएफ, उत्तर प्रदेश को विगत काफी समय से फरार/पुरस्कार घोषित अपराधियों के सक्रिय होकर अपराध करने एवं अन्य अपराधों में लिप्त होने की सूचनायें प्राप्त हो रहीं थी। इस सम्बन्ध में एस०टी०एफ० की विभिन्न इकाईयो/टीमों को अभिसूचना संकलन एवं कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था। जिसके अनुपालन में श्री विशाल विक्रम सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक, एस0टी0एफ0 लखनऊ के पर्यवेक्षण में टीम गठित कर अभिसूचना संकलन की कार्यवाही की जा रही थी।

निरीक्षक श्री शिवनेत्र सिंह के नेतृत्व में मु0आ0 सुधीर सिंह, रमेश उपाध्याय, अमित कुमार की टीम जनपद लखनऊ में भ्रमणशील थी। इस दौरान ज्ञात हुआ कि साइन सिटी इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी में जमीन/प्लाट के नाम पर इनवेस्ट कराकर ठगी करने वालों लोगों के विरूद्ध थाना गोमती नगर, जनपद लखनऊ में मु0अ0सं0 630/2021 धारा 409, 420, 467, 467, 468, 471, 120–बी भा0द0वि0 का अभियोग पंजीकृत हुआ था। जिसमें अभियुक्त राहुल शर्मा वांछित है, और उसके गिरफ्तारी हेतु रू0 50 हजार का पुरस्कार घोषित है। वह आज आर0आर0 बन्धा पर किसी से मिलने के लिए आने वाला है। इस सूचना पर एसटीएफ टीम द्वारा उक्त स्थान पर पहॅुचकर वांछित अभियुक्त राहुल शर्मा को गिरफ्तार कर लिया गया, जिसके पास से उपरोक्त बरामदगी हुई।

पूछताछ मे गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि उसने छत्रपति साहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर से एम0ए0 किया है। मार्च–2016 में साइन सिटी इंफ्रा प्रोजेक्ट प्रा0लि0, म0नं0– ए–105, साउथ सिटी, रायबरेल रोड, थाना–पीजीआई, लखनऊ में कम्प्यूटर आपरेटर के पद पर कार्य शुरू किया था। कम्पनी में अलग–अलग कार्यो के लिए अलग अलग डिपार्टमेन्ट एवं अलग अलग एच0ओ0डी0 थे। 04 माह बाद कम्पनी बोर्ड के चेयरमैन व सदस्यों की मीटिग में प्रस्ताव के माध्यम से आवंटियों को कम्पनी की तरफ से रजिस्ट्री करने के लिए उसे अधिकृत हस्ताक्षरी नियुक्त किया गया था। अभियुक्त ने यह भी बताया कि कम्पनी का मुख्यालय आर स्क्वायर काम्प्लेक्स, पॉचवॉ तल, विपुल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ में था। कम्पनी के **चीफ मैनेजिंग डायरेक्टर (सीएमडी) राशिद नसीम एवं एमडी–आसिफ नसीम** थे। साइन सिटी इंफ्रा प्रोजेक्ट प्रा0लि0 द्वारा लोगों से जमीन/प्लाट खरीदने एवं विभिन्न प्रकार के इन्वेस्ट करने के नाम पर प्रलोभन देकर उनसे करोडों की ठगी की गयी है, जिस सम्बन्ध में जनपद लखनऊ सहित प्रदेश के विभिन्न जनपदों में लगभग सैकड़ों अभियोग पंजीकृत है।

## अभियुक्त का अपराधिक इतिहासः

| क0 सं0 | मु0अ0सं0 | धारा | नाम थाना | जनपद |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 247/2020 | 409,420,467,467,468,471,120बी भा0द0वि0 | गोमतीनगर | लखनऊ |
| 2 | 83/2020 | 409,420,467,467,468,471,120बी भा0द0वि0 | गोमतीनगर | लखनऊ |
| 3 | 29/2021 | 409,420,467,467,468,471,120बी भा0द0वि0 | कोतवाली नगर | हरदोई |
| 4 | 456/2021 | 409,420,467,467,468,471,120बी भा0द0वि0 | गोमतीनगर | लखनऊ |
| 5 | 582/2021 | 409,420,467,467,468,471,120बी भा0द0वि0 | गोमतीनगर | लखनऊ |
| 6 | 630/2021 | 409,420,467,467,468,471,120बी भा0द0वि0 | गोमतीनगर | लखनऊ |

उपरोक्त गिरफ्तार अभियुक्त को थाना गोमतीनगर, लखनऊ में पजीकृत मु0अ0सं0 630/21 धारा 409, 420, 467, 467, 468, 471, 120–बी भा0द0वि0 में दाखिल कर अग्रेतर कार्यवाही स्थानीय पुलिस द्वारा की जा रही है।